निर्धारित सीमा से अधिक बिक्री करने वाले डाक-टिकट विक्रेताओं/विभागेत्तर डाक टिकट विक्रेताओं को 2 प्रतिशत की दर से प्रोत्साहन राशी प्रदान की जाती है ;

(ख) यदि हां, तो क्या यह सच है कि यह प्रोत्साहन राशि ऐसे कर्मचारियों को मंहगाई भत्ते सहित मूल वेतन के 33.3 प्रतिशत तक दी जाती है जबकि जो पोस्टमैन स्पीडपोस्ट की डाक को बांटते हैं, उन्हें प्रति नग 50 पैसे की दर से अप्रतिबंधित प्रोत्साहन राशि दी जाती है; और

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार विभागीय और विभागेत्तर डाक टिकट विक्रेताओं को बिना कोई सीमा निर्धारित किए 2 प्रतिशत की दर से प्रोत्साहन राशि देने का विचार रखती है ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री श्री सुखराम

(क) जी हां, तथापि, डाक टिकटों/डाक लेखन सामग्री की 30 रुपए से अधिक की एकमुश्त बिक्री के लिए प्रोत्साहन राशि का भुगतान नहीं किया जाता ।

(ख) डाक-टिकट विक्रेताओं के लिए प्रोत्साहन राशि परिलब्धियों का 33⅓ प्रतिशत तक सीमित होती है। स्पीड पोस्ट मदों के वितरण के मामले में वितरण स्टाफ को 50 पैसे प्रति मद की दर से प्रोत्साहन राशि का भुगतान किया जाता है । इस योजना में शर्त यह है कि सभी मदों का वितरण ठीक प्रकार से होना चाहिए । जहां वितरण कार्यनिष्पादन 100 प्रतिशत से कम हो जाता है किन्तु, 98 प्रतिशत से कम नहीं होता, वहां प्रति मद केवल 25 पैसे प्रोत्साहन राशि देने की अनुमति है ।

(ग) जी नहीं । ये दो भिन्न-भिन्न योजनाएं हैं और प्रत्येक की अपनी-अपनी शर्तें हैं ।

Village Panchayats Connected to District Headquarters through Telephones in M.P.

864. SHRI SHIVPRASAD CHANPURIA : Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state :

(a) what are the names of village panchayats in Madhya Pradesh which have been directly connected with district Headquarters through telephone services;

(b) whether he is convinced that the telephone calls can be made from these village panchayats to the district headquarters whenever required ;

(c) if not, what are the reasons therefor;

(d) whether it is also a fact that neither the telephone calls from villages or for villages are responded nor the required telephone numbers are connected by the Telephone Exchange in the district headquarters; and

(e) what action has been taken or are proposed to be taken by Government against the employees responsible for it.

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI SUKH RAM) : (a) The details are being collected and will be placed on the Table of the House.

(b) Yes, Sir.

(c) Question does not arise in view of (b) above.

(d) No, Sir.

(e) Question does not arise.

Fire in Telephone Exchange Area

865. SHRIMATI SATYA BAHIN : Will the Minister of COMMUNICATIONS be pleased to state :

(a) what are the details of the damage caused by fire last year in the telephone exchange in Agra, Uttar Pradesh;

(b) whether any enquiry has been conducted into the matter;

(c) if so, what is the outcome thereof and if not, the reasons therefor;

(d) whether it is a fact that the communication system has been disturbed due to the fire; and

(e) if so, what steps have been taken by Government to streamline the communication system.

THE MINISTER OF STATE OF THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (Shri Sukh Ram) : (a) Details of damage caused by fire at Agra Digital Tax are as follows :—

(i) Loss of life of one Technician.

(ii) Partial damage to the building.

(iii) Loss of property burnt by fire, e.g. MDF, Subscriber cables, power cables and switch Board Cable, Electrical fitting, fans, A/C duct, Telephones, Office furniture.

(iv) Loss of assets—about Rs. 1.20 Crore.

(b) Yes, Sir.

(c) The investigation team concluded that the fire was caused due to short circuit in the power cable.

(d) Yes, Sir.

(e) Services were restored in shortest possible time, working round the clock by diverting all the important routes to other TAX stations of U.P. and other places out of U.P. Equipment was diverted for the revival of damaged exchange. The exchange equipment was completely retested and recommissioned on 26-1-93. The faulty components have been replaced.

उत्तर प्रदेश में बिना भवन वाले ग्रामीण डाकघर

866. श्री ईश दत्त यादव :—क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि—

(क) उत्तर प्रदेश में ऐसे ग्रामीण डाकघरों की संख्या कितनी है जो बिना भवन के हैं ;

(ख) क्या सरकार को इन ग्रामीण डाकघरों के ठीक तरह से कार्य न करने के संबन्ध में किसी प्रकार की शिकायतें प्राप्त हुई हैं और पिछले तीन वर्षों के दौरान प्राप्त ऐसी शिकायतों की जिले-वार संख्या कितनी रही है ; और

(ग) सरकार द्वारा ग्रामीण डाकघरों के कार्य में सुधार लाने के लिए क्या प्रयास किए गए हैं ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री श्री सुखराम :

(क) उत्तर प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में 996 विभागीय उप डाकघर हैं । इसके अतिरिक्त, उत्तर प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में 367 अतिरिक्त विभागीय उप डाकघर तथा 15897 अतिरिक्त विभागीय शाखा डाकघर हैं ? विभागीय भवन केवल विभागीय डाकघरों के लिए ही बनाए जाते हैं । 996 विभागीय डाकघरों में से 961 डाकघर विभागीय भवनों में नहीं हैं ।

(ख) उनकी अनुपयुक्त कार्य-प्रणाली के बारे में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है ।

(ग) उपर्युक्त "ख" को ध्यान में रखते हुए प्रश्न नहीं उठता ।

टेलीफोन केबलों की चोरी में लगे लोग

867 श्री शिवप्रसाद चनपुरिया —क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि—

(क) मध्य प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में टेलीफोन केबलों की चोरी करते हुए कितने लोगों को पकड़ा गया है और उन्हें क्या सजा दी गई है,

(ख) इस चोरी के कार्य में लोगों का पता लगाने के लिए क्या तरीका अपनाया गया है, और

(ग) क्या टेलीफोन केबलों की चोरी को रोकने के लिए कोई सुनिश्चित व्यवस्था की गई है ?

संचार मंत्रालय के राज्य मंत्री श्री सुखराम :

(क) सूचना एकत्र की जा रही है और सभा पटल पर रख दी जाएगी ।

(ख) चोरी संबंधी सभी मामलों की जांच पड़ताल पुलिस द्वारा की जाती है ।

(ग) टेलीफोन तारों की चोरी रोकने के लिए सभी सम्भव पूर्वोपाय किए जाते हैं ।